CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-58
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

रिश्तों को जोड़े रखने के लिए कभी अंधा, कभी गंगा और कभी बहरा भी होना पड़ता है।

बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, मंगलवार, 04 जून 2024

नई सांसद को शिवहर में रेल एवं व्यवस्था में बदलाव होगी ,चुनौती

चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ
शिवहर, शिवहर आजादी के बाद आज तक शिवहर जिले को रेल चुनौती बनी हुई है। नई सांसद को शिवहर में रेल शीघ्रता से लाना उनकी चुनौती होगी। साथ ही व्यवस्था में बदलाव भी एक बड़ी चुनौती है जिनका सामना नई संसद को करना पड़ेगा।
छोटी मोटी घटना पर अस्पताल के द्वारा रेफर रोकवाने तथा स्थानीय अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था सुदृढ़ करने,गंभीर बीमारी के इलाज के लिए असक्षम जिला शिवहर को स्वास्थ्य व्यवस्था में बदलाव , सबसे बड़ी समस्या शव को पोस्टमार्टम समय पर कराना भी नई संसद को चुनौती होगी।
जिला शिवहर को सुबे का पिछड़े जिले का दाग को मिटाना, जिले के कई विभाग के जो मृत अवस्था में है उसको क्रियान्वयन करना। विभिन्न विभागों के प्रभारी पदाधिकारीयों को मुक्त करते हुए पदाधिकारीयों की नियुक्त करवाना भी नई सांसद की जिम्मेदारी में शामिल है।
तेजी से बढ़ रही बेरोजगारी को रोजगार उपलब्ध करवाना, पलायन को रुकवाना, छोटी मोटी उद्योग की स्थापना करवाना नई संसद के लिए टेढ़ी खीर साबित हो सकती है।
बदहाल ग्रामीण सड़कें, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, किसानों को नलकूप के द्वारा सिंचाई की साधन, समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं को लाभ पहुंचाना नई सांसद के लिए चुनौती होगी। शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने, मूलभूत सुविधाओं को बहाल कराना, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना सहित अन्य संसाधनों को जमीन पर उतरना नई संसद के लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी होगी।

नालंदा में चुनावी हिंसा, JDU कार्यकर्ता की हत्या

बोले सांसद- तलवार-भाला से मारा गया

चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ
बिहार, छपरा में चुनाव के अगले दिन हिंसा हुई थी और फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हुए थे। ऐसा ही एक और मामला नालंदा से सामने आया है। यहां चुनावी रंजिश में जेडीयू के कार्यकर्ता की निर्मम हत्या कर दी गई है। जानकारी के अनुसार जदयू का पोलिंग एजेंट बनने के बाद से कार्यकर्ता को जान से मारने की धमकी मिल रही थी।घटना परबलपुर थाना क्षेत्र मऊआ गांव की है। मृतक जद(यू) नेता की पहचान स्व. ब्रह्मदेव महतो के 62 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है. फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है।

भटके हुए सावक को पकड़कर ग्रामीणो ने पुलिस के सहायता से वन विभाग को सौपा

सावक का वजन लगभग 10 किलो के करीब

चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ
मोतिहारी, मलाही थाना क्षेत्र के चटिया दियरा से ग्रामीणों ने रविवार को सुबह एक भटके हुए हिरण के सावक को पड़कडा और पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए सावक की सूचना पुलिस ने वन विभाग को दिया, खबर मिलते ही वन विभाग के आला अधिकारी वह कर्मियों के साथ सावक को अभिरक्षा में लेकर मेडिकल जांच के लिए अपने साथ ले गए। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह हिरण चटिया दियरा में लावारिस हालत में पड़ा था। जिसे देख ग्रामीणों ने सावक को पकड़ा और सावक सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने सावक को वन विभाग को सौपा, सावक का वजन लगभग 10 किलो के करीब में था, जो पूरी तरह से स्वस्थ था, जिसकी पुष्टि थानाध्यक्ष विनीत कुमार ने की।

शिवहर में खनन विभाग की कार्रवाई

अवैध बालू खनन को लेकर चलाया छापामारी अभियान

चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ
शिवहर, खनन विभाग की कार्रवाई, पिपराही थाना क्षेत्र व पुरनहिया थाना में खनन विभाग के इंस्पेक्टर ऋतिक कुमार श्रीवास्तव व केशव कुमार व पुरनहिया थाना के महिला दरोगा आरती कुमारी के द्वारा अवैध बालू खनन को लेकर छापामारी अभियान चलाकर किया गया कार्रवाई, छापामारी अभियान में चार ट्रैक्टर व एक जेसीबी को किया जप्त।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष नूरी बेगम ने कहा

देश में आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनेगी

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
शिवहर, शिवहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष नूरी बेगम ने कहा है कि देश में आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनेगी। और शिवहर लोकसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी रितु जायसवाल चुनाव जितेगी।उन्होंने एग्जिट पोल को नकारते हुए कहा है कि एग्जिट पोल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निजी एग्जिट पोल है।
कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद असद ने कहां है कि जनता एग्जिट पोल के दुष्प्रचार के झांसे में नहीं आएगी। कल 18वीं लोकसभा का नतीजे आयेगा। देश में आईएनडीआईए गठबंधन सरकार बनाएगी।

अग्नि विभाग के टीम द्वारा आग से बचाव एवं उपाय के लेकर चलाया गया अभियान

विवेक कुमार सुमन ने करा कार्यक्रम संचालक

चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ
शिवहर, शिवहर जिले के तरियानी प्रखंड क्षेत्र के दुम्मा हिरौता में अग्नि विभाग टीम के द्वारा ग्रामीणों को आग से बचाव के उपाय बताए गए एवं लोगों को समझाया गया। कार्यक्रम के संचालक विवेक कुमार सुमन ने की ।अग्नि विभाग के सोनू कुमार ने ग्रामीणों को बताया कि आग से बचाव के लिए हर समय सतर्क रहे। उन्होंने कहा कि खाना बनाते समय बर्तन में दो बाल्टी पानी रखें ,हवा बहने के समय भूलकर भी आग न जलायें ,जहां तक संभव हो खाना खुलें जगहों में सुबह 9 बजे से पहले शाम 6 बजे के बाद बनायें ।
खाना बनाने के बाद गैस का रेगुलेटर अच्छी तरह बंद कर दें ।रसोई घर में मिट्टी का तेल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थ न रखें, जलते हुए माचिस के तिल्ली एवं सिगरेट बीड़ी के टुकड़े को जहां तहां न फेंकें , आग लगने पर 101 या 112 डालकर सूचना दे।
बिहार अग्निशमन सेवा शिवहर आपकी सेवा के लिए तैयार है।

इस सप्ताह बिहार पहुंचेगा मानसून, इन जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी

बिहार के लोगों को जल्दी भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी से चला मानसून दो-तीन दिनों के अंदर बिहार पहुंच सकता है। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसके लिए अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान उत्तर बिहार के कई जिलों में हल्की से मध्य स्तर की वर्षा दर्ज की गई। इधर, सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे पटना के खगौल, फुलवारी शरीफ और नौबतपुर इलाके हल्की बूंदाबांदी हुई। ठंडी हवाओं चलने से लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं दक्षिण बिहार का मौसम आमतौर पर शुष्क बना रहा। बिहार में सर्वाधिक अधिकतम तापमान औरंगाबाद में 44.7 दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान पश्चिम चंपारण के बाल्मीकि नगर में 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बिहार के उत्तर पश्चिम सीवान, सारण, गोपालगंज, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, उत्तर मध्य सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर, उत्तर पूर्व सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार में हल्की से मध्य स्तर की वर्षा होने की संभावना जताई है। विभाग ने इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है। इसके अलावा दक्षिण पश्चिम, दक्षिण मध्य, दक्षिण पूर्व भाग में मौसम शुष्क बना रहेगा। दक्षिण पश्चिम भाग में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री रहने की संभावना है। जबकि अन्य भागों में अधिकतम तापमान 36 से 40 डिग्री के बीच रहने की संभावना बताई गई है। विगत 24 घंटे के दौरान राज्य के उत्तरी भाग में एक-दो जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज हुई है, जबकि शेष बिहार मे मौसम शुष्क बना रहा।

पटना सिटी में दिनदहाड़े गोलीबारी

अपराधियों ने इस कारण दो युवकों को मारी गोली, एक की मौत

पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र के काली मंदिर के नजदीक अपराधियों ने दो युवक को गोली मार दी। इसमें से एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरे की हालत गंभीर है। मृत युवक की पहचान लल्लू कुमार के रूप में हुई है। घटना की पुष्टि करते हुए पटना सिटी के एएसपी शरथ आरएस ने बताया कि छानबीन में यह बातें सामने आई है कि सूरज कुमार का अपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि यह बात स्पष्ट होता है कि सूरज कुमार की कई लोगों से आपसी दुश्मनी थी और आपसी विवाद के कारण ही सोमवार को अपराधियों के द्वारा गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है।
घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी का माहौल कायम हो गया।
पहले से घात लगाए अपराधियों ने मारी गोली
बताया जा रहा है कि लल्लू कुमार और सूरज गोप सोमवार को आलमगंज थाना के काली मंदिर के नजदीक पहुंचे थे। इसी क्रम में पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ कई गोलियां चला दी। सूरज कुमार को चार गोलियां लगी। इसके साथ ही सूरज कुमार के साथी लल्लू कुमार को भी अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोली मारी। सूरज कुमार को इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जबकि उनके साथ ही लल्लू कुमार को बाइपास के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। इस बीच इलाज के दौरान लल्लू कुमार की अस्पताल में मौत हो गई।
घटनास्थल के कई खोखे बरामद किए गए
घटना की पुष्टि पटना सिटी के एएसपी शरद आएएस ने की है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने अपराधियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है।
एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पुलिस ने घटनास्थल से गोली के कई खोखे बराबर किए हैं। पुलिस ने लल्लू के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेज दिया है।

मतगणना के अवसर पर शिवहर जिले में विधि व्यवस्था कायम रहे इस बाबत डीएम - एसपी ने की बैठक

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

शिवहर, शिवहर लोकसभा के होने वाले मतगणना के लिए शिवहर जिले में भी शांति व्यवस्था को लेकर सुरक्षा के व्यापक तैयारी की गई है। किसी भी तरह के जुलूस निकालने पर रोक लगाई गई है,डीएम पंकज कुमार और पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय ने सभी दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारीयों को निर्देश दिया है कि किसी भी सूरत में धारा 144 का उल्लंघन न हो । छोटी-मोटी घटना पर भी पुलिस त्वरित कार्रवाई करें ।और घटनास्थल पर पहुंचकर विधि सम्मत कार्रवाई करें ।वही शांति व्यवस्था को भंग करने वाले के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया है।

लालू का दावा, कहा- चौंकाने वाला रिजल्ट देने जा रहा है इंडी गठबंधन, फिर से आ रही जनता की सरकार

चार जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आ रहा। इससे पहले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बड़ा दावा किया है। लालू प्रसाद ने कहा कि बिहार में और देश में फिर से जनता की सरकार आ रही है। इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से चौंकाने वाले रिजल्ट देकर जा रहा है। सारे मनोवैज्ञानिक प्रोपेगेंडा धरे के धरे रह जाएंगे, जनता के साथ मिलकर हम जनता की सरकार बनाएंगे। उन्होंने इंडी गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि हम जनता के मत की रक्षा कर सकें और झूठ के खिलाफ सत्य की इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचा सके। तो साथियों होशियार रहना है, चौकन्ना रहना है, एक-एक वोट की गिनती सजगता के साथ करानी है।
इंडिया गठबंधन के पक्ष में जमकर मतदान किया
सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर राजद सुप्रीमो ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में आपने जिस तरह से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में जमकर मतदान किया। इसके लिए मैं आप सभी का हृदय से आभारी हूं। मैं आभारी हूं इंडी

गठबंधन और राष्ट्रीय जनता दल के एक-एक कार्यकर्ता का जिसने चुनाव के दौरान भीषण गर्मी की परवाह किए बिना पूर्ण मनोयोग के साथ संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को बचाने के लिए दिन-रात एक कर दिया।
बिहार की जनता का दिया एक-एक मत सुरक्षित रहे
पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने आगे लिखा कि साथियों, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जो मुहीम हमने शुरू की थी उसको अभी मंजिल पर पहुंचाना बाकी है, जनता ने अपना मत इंडिया गठबंधन की विजय के तौर पर दे दिया है लेकिन इस जनमत को सुरक्षित परिणाम तक पहुंचाना हमारा दायित्व है, इसलिए बिना रुके, बिना थके मतगणना स्थल पर जोश, उमंग और उत्साह के साथ सक्रिय रहें और सुनिश्चित करें कि बिहार की जनता का दिया एक-एक मत सुरक्षित रहे जिससे कि हमारा लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण भी सुरक्षित रह पाए।